12.06-1/2 hrs.

MR. SPEAKER: Matters under Rule 377 listed for the day may be treated as laid on the Table of the House.

...(Interruptions)

Title: Need for early gauge conversion of Gonda-Gorakhpur Loop line in U.P.-Laid.

श्री रामपाल सिंह (डुमरियागंज): हमारे संसदीय जनपद सिद्धार्थ नगर छोटी लाईन होने के कारण इस क्षेत्र का संबंध अनेक क्षेत्र कलकत्ता, मुम्बई, दिल्ली से कट गया है। यहां तक कि लखनऊ प्रदेश की राजधानी तक जाने के लिए गाड़ी गोंडा से बदलनी पड़ती है। इस जनपद का विकास रूका हुआ है। गोरखपुर गोंडा आमान परिवर्तन के लिए लगातार कोशिश कर रहे हैं और हर र्वा बताया जाता है कि इस र्वा योजना में शामिल कर लिया गया है। इस लाइन का आमान परिवर्तन र्वा 1997-98 के रेल बजट में ले लिया गया था, जिसकी कुल लागत 250 करोड़ है। योजना की योजना आयोग से स्वीकृति करा ली गयी। विस्तारित बोर्ड द्वारा कुछ ब्यौरे मांगे गए थे, जिन्हे दिया गया। इस परियोजना पर विस्तारित बोर्ड की अगली बैठक में विचार किया जाएगा, जिसके पश्चात स्वीकृति के लिए आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रीमंडल सहमति के लिए भेज दिया जाएगा। उनकी स्वीकृति प्राप्त होने पर ही कार्य शुरू हो जाएगा। इसके पश्चात लगभग एक साल व्यतीत हो गया, परंतु आज तक कार्य नहीं हुआ। इस लाइन के बनने से सुनोली और बढनी से जो बसें यात्रियों को लेकर आती हैं, वहां की जनता को भी काफी राहत मिलेगी।

अतः मेरी भारत सरकार से मांग है कि गोंडा गोरखपुर लूप लाईन का आमान परिवर्तन शीघ्र कराया जाए।

* Treated as laid on the Table of the House